Jagran

Job opportunities for youth in Para Military

भर्ती निदेशक कर्नल रोहित कुशवाहा ने बताया कि ऊना, बिलासपुर व हमीरपुर जिला के युवाओं के लिए बिलासपुर के लुहणू मैदान तीन से नौ नवंबर तक सेना की खुली भर्ती होगी। इस दौरान सिपाही सामान्य ड्यूटी, सिपाही लिपिक/स्टोर कीपर, सिपाही तकनीकी, सिपाही ट्रेडमैन, सिपाही नर्सिंग एसीस्टेंट व नर्सिंग एसिस्टेंट (वेटरनरी) पदों के लिए भर्ती की जाएगी।

उन्होंने बताया कि हिमाचल व हरियाणा (गुड़गांव, मेवात, पलवल, फरीदाबाद व यूटी चंडीगढ़ को छोड़कर) के पूर्व सैनिक जिन्होंने अपना नाम सेना भर्ती कार्यालय में पंजीकृत करवाया है के लिए डीएससी की भर्ती भी की जाएगी। तहसील हमीरपुर, सुजानपुर टीहरा व बमसन (टौणी देवी) के युवाओं की सिपाही सामान्य ड्यूटी, सिपाही लिपिक/स्टोर कीपर, सिपाही तकनीकी, सिपाही ट्रेडमैन, सिपाही नर्सिगं एसीस्टैंट व नर्सिंग एसीस्टैंट (वैटरनरी) की भर्ती तीन नवंबर को होगी। तहसील भोरंज, बड़सर, नादौन, सब तहसील बिझड़ी व गलोड़ के युवाओं के लिए भर्ती चार नवंबर को होगी।

वहीं, तहसील ऊना, अम्ब, सब तहसील ईसपुर, जोल व घनारी के युवाओं की भर्ती पांच नवंबर तथा तहसील बंगाणा, हरोली व सब तहसील भरवाईं के युवाओं की भर्ती छह नवंबर को होगी।

तहसील बिलासपुर सदर, घुमारवीं व सब तहसील नम्होल के युवाओं की भर्ती सात नवंबर, तहसील झंडूता, नयनादेवी(स्वारघाट), सब तहसील भराड़ी के युवाओं की भर्ती आठ नवंबर को होगी। भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती भी इसी दिन की जाएगी। नौ नवंबर को युवाओं का मेडिकल होगा। सेना भर्ती चिकित्सा अधिकारी मेजर संजय शर्मा ने बताया कि भर्ती में आने से पहले युवा मेडिकल में फिट होकर आएं।